# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प०नि०/II/1040 दिनांक : 10.09.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
बी०एड० पाठयकम संचालित,
सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान,
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

पत्रांक बी०एड० परीक्षा/4301, दिनांक 29.08.2026 के सन्दर्भ में समस्त महाविद्यालयों/संस्थानो से अनुरोध किया गया था कि बी०एड० प्रथम वर्ष 2026 सत्र 2025-27 में आपके संस्थान में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म के साथ मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र भी दिनांक 05.09.2026 तक आवश्यक रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें। परन्तु वर्तमान तक जिन महाविद्यालयों/संस्थानो द्वारा उक्त परीक्षा फार्म एवं माईग्रेसन जमा नही किये गये है। ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों को दिनांक 15.09.2026 तक अन्तिम रूप से परीक्षा फार्म व माईग्रेसन जमा करने का अवसर प्रदान किया जाता है।
विस्तारित तिथि तक माइग्रेशन व परीक्षा फार्म आवश्यक रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित दिनांक तक परीक्षाफार्म जमा न कराये जाने की स्थिति में परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा जिसके लिये महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या स्वयं उत्तरदायी होंगे।

उक्त के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लें कि बाह्य विश्वविद्यालय से चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं के मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र संलग्न किये जा रहे हैं, किसी भी छात्र का मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र संलग्न न होने की दशा में परीक्षाफार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**नोट – ऐसे महाविद्यालय जिन्होंने बी०एड० प्रथम वर्ष 2026 के परीक्षाफार्म बी०एड० परीक्षा विभाग में जमा कर दिये गये हैं परन्तु पूर्ण रूप से माईग्रेसन जमा नही किये गये थें, सम्बन्धित विद्यार्थियों के मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र उक्त तिथि तक जमा कराना सुनिश्चित करें।**

10/9/26

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
3. प्रभारी परीक्षा, बी०एड० सेल व कमेटी सेल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रेस प्रवक्ता, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना छात्र हित निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

10/9/26

परीक्षा नियंत्रक